डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5978 दिनॉकः 07 जुलाई, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के समस्त प्रथमं वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों के छात्र / छात्राओं की प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षाएं कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के समस्त प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों के छात्र / छात्राओं की प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षाएं सक्षम स्तर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार **दिनांक 18 जुलाई, 2022 से 24 जुलाई, 2022 के मध्य आफलाइन मोड में** आयोजित कराया जाना निर्धारित है। प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा कराये जाने के लिए परीक्षकों की ड्यूटी संस्थान की ई0आर0पी0 लागिन पर उपलब्ध कराकर तथा सम्बन्धित शिक्षकों के लागिन में भी उपलब्ध करा दी जायेगी। इस सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि जिन शिक्षकों को ड्यूटी आवंटित है वह विश्वविद्यालय की ई0आर0पी0 पर अधिकतम दो दिवसों में स्वीकार / अस्वीकार करना सुनिश्चित करते हुए आवंटित संस्थान से तत्काल दूरभाष पर सम्पर्क कर कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करें तथा तथा आवंटित ड्यूटी को स्वीकार / अस्वीकार न करने की स्थिति में आवंटन को 48 घंटे के उपरान्त ड्यूटी स्वतः ही निरस्त हो जायेगी।

उपरोक्त के अनुपालन में आपसे अपेक्षा है कि संबंधित परीक्षकों (शिक्षकों) से सम्पर्क कर उक्त निर्धारित तिथि में छात्रहित में प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा आफ लाइन मोड में विश्वविद्यालय की गाइड लाइन के अनुसार कराने की व्यवस्था करें तथा प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा के प्राप्तांकों को ई0आर0पी0 पोर्टल पर **दिनांक 25 जुलाई, 2022 तक** अपलोड कराते हुए हस्ताक्षरित हार्ड कापी स्पाईरल बाइन्डिंग कराकर **दिनांक 31 जुलाई, 2022 तक** अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा संबंधित समस्त कार्यवाही एवं प्रपत्रों को सुरक्षित रखें, ताकि विश्वविद्यालय को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जा सके।

कृपया तदनुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Anurag Tripathi 07/07/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनॉकः उपरोक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
5. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. प्रभारी, स्टूडेन्ट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
7. सुश्री सादिका कौसर, प्रोग्रामर, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0 लखनऊ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक